सार-समाचार

रक्तदान व रक्त जांच शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह विवेकानंद जयंती पर रक्तदान व रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेडिया ने बताया कि ब्लड बैंक राजकीय अस्पताल जालोर में राष्ट्रीय युवा सप्ताह विवेकानंद जयंती पर रक्तदान व रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में संस्था के अमन देवेंद्र मेहता ने 29 वीं बार व विक्रमसिंह गुर्जर ने 22 वीं बार रक्तदान किया। जयंतीलाल, हरिसिंह,कैलास सहित 6 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान व 45 कार्यकर्ताओं ने रक्त जांच करवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया उपस्थित थे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ठ अतिथि के नाते प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम टाक, डॉ.असीम परिहार,संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार, दिनेश महावर, जालोर महोत्सव समन्वयक रतन सुथार, जिला कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला उपस्थित थे। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कह कि रक्तदान महादान है, आज मकर सक्रांति का पर्व है। जिस पर संस्था की कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष की रक्तदान व दान पुण्य कर युवा सप्ताह का तीसरा दिन मनाया। साथ ही मकर सक्रांति पर सुबह सूर्य उपासना व दान पुण्य के कार्य किये गए। इस दौरान मयंक देवड़ा,हीराराम देवासी, लेब टेक्नीशियन मनीष, गोपाराम, नरेश माली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। राष्ट्रीय युवा सप्ताह के चौथे दिन निजी विद्यालय में बाल प्रतियोगिताएं होंगी।

रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग

जोधपुर, (कासं) । डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग को लेकर सोमवार को शुरू किया गया राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर का धरना-प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा।राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के अध्यक्ष जगदीश जाट ने बताया कि यूटीबी पर कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों की सेवा विस्तार का आदेश नहीं आने तथा रिक्त पदों पर समायोजन प्राचार्य स्तर पर नहीं होने पर आज भी राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज परिसर में धरना जारी रहा। अध्यक्ष जगदीश जाट ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंप कर चिकित्सा आयुक्त को पत्र लिखा गया जिसमें इनकी सेवा को अति आवश्यक लिख कर एक्सटेंशन मांगा है। जाट ने बताया कि नए नर्सिंग अधिकारी मिलने के बाद कई अस्पतालों में पूर्व से पदस्थापित यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को हटा दिया गया है। हालांकि यहां अभी भी कई सैकड़ों पद रिक्त है। कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने उन्हें वापस पदस्थापित करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अस्पताल में कार्यरत यूटीबी नर्सिंग कर्मचारियों को हटा दिया गया है। इसको लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

विजेताओं को पुरस्कृत किया

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित सेठ मुरलीधर जमनादास वारदान वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड में मंगलवार को नूतन पहल महिला संगठन की ओर से विवेकानन्द जयंती सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम सहायक जूंजाराम पटेल ने बताया कि जयंती सप्ताह के तहत संगठन की ओर से पोस्टर , स्लोगन , रूमाल झप्पटा सरीके विभिन्न प्रतियोगितओ का आयोजन किया गया जिसमे क्रमश: प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय रहे विधार्थियो को पुरस्कार दिया गया। इस मोके पर नूतन पहल महिला संगठन की संस्थापक श्रीमती नूतन बाला कपिला ने विधार्थियो को कर्मशील एवं चरित्रवान बनने की सीख देते हुए स्वामी जी के आदर्श को जीवन मे आत्मसात करने की बात कही। वही समाजसेवा डा.के.एम शर्मा ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उठो जागो एवं तब तक नही रूको जब तक की जीवन मे लक्ष्य प्राप्त ना कर लो का संदेश दिया। कार्यक्रम को शिक्षाविद पुष्पा परिहार, चन्द्र प्रकाष अगनानी, मीठालाल चांवरिया ने भी संबोधित किया। सरिता राजपुरोहित, भगवानदास बाबानी, दर्शना शेखावत, रेखा हाटडिया, स्नेहा चौधरी, मंजू बालोटिया, सोना सिंधी, तेज कंवर राठौड, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार,कनिष्ठ सहायक सरोज सैन, नेहा तिवारी आदि मौजूद रहे।

जैसलमेर में दिनभर हुए दान पुण्य

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। सुबह सुबह मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मकर संक्रांति पर्व को लेकर जिले में जमकर दान पुण्य हुए और लोगों ने कई पुरानी परंपराओं का निर्वहन किया। घर के बुजुर्गों को केसर स्नान करवाने के साथ ही महिलाओं ने घर की दैनिक उपभोग की वस्तुएं दान की। इस त्योहार को लेकर दान पुण्य का महत्व माना गया है। पंडितों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के पर्व पर किए गए धर्म का लाभ अगले जन्म में मिलता है। खासतौर पर महिलाएं इस पर्व पर दान पुण्य करती है। विवाहित महिलाएं अपने परिवार की अन्य महिलाओं व बालिकाओं को दैनिक उपभोग की वस्तुएं दान करती है। आमतौर पर जैसलमेर में आखातीज पर पतंगें उड़ती है। लेकिन अब मकर संक्रांति पर भी पतंगें उड़ने का चलन शुरु हो चुका है। मंगलवार को स्वर्णनगरी के आसमान में रंग बिरंगी पतंगे उड़ती नजर आई। युवाओं ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। मकर संक्रांति पर्व के चलते बाजार में दिन भर चहल पहल रही। बाजार में जमकर खरीदारी हुई और मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। इस दिन विशेष रुप से तिल से बने पकवानों की बिक्री हुई।

आवारा पशु के चक्कर में युवक की मौत

जोधपुर, (कासं) । केरियानाडा झंवर में बाइक सवार युवक के सामने अचानक से आवारा पशु आया गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक स्लीप हो गई और युवक घायल हो गया। जिसकी अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। मृतक के भाई की तरफ से झंवर थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई है। झंवर पुलिस ने बताया कि लोरडी डोलिया झंवर निवासी 48 साल का दलाराम पालीवाल अपनी बाइक से केरियानाडा से निकल रहा था। तब उसकी बाइक के सामने अचानक से आवारा पशु आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक स्लीप हो गई और वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए राहगीरों की मदद से अस्पताल ले जाया गया मगर बाद में उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर उसके भाई राजूराम ने रिपोर्ट दी।

दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज

जोधपुर, (कासं) । शहर के बनाड़ स्थित नांदड़ी इब्राहिम नगर में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। पिता ने मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। महिला को रात में एमजीएच में संदिग्ध हालात में लाया गया था। बनाड़ थाने के एसआई राजूराम ने बताया कि इब्राहिम नगर नांदड़ी की रहने वाली 30 वर्षीय अख्शा पत्नी जाकिर को उसके ससुराल वाले रात में एमजीएच लेकर पहुंचे थे। जहां पर बाद में उसकी मौत हो गई। उसका पीहर प्रतापनगर में है। अख्शा की शादी को आठ साल हुए थे और एक बच्ची है। उसके पिता रहुफ का आरोप है कि उसकी बच्ची को दहेज के लिए तंग और परेशान किया जाता था। सोमवार को उसके साथ मारपीट की गई थी। तबीयत बिगडऩे पर अस्पताल लाया गया। मगर यहां उसकी मौत हो गई। एसआई राजूराम ने बताया कि मृतका आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है, अग्रिम जांच की जा रही है।

अवैध डोडा पोस्त सहित युवक पकड़ा

जोधपुर, (कासं) । निकटवर्ती डांगियावास थाना पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 880 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। थानाधिकारी मनोज कुमार परिहार ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ की कड़ी में बिरड़ावास गांव में एक युवक सुथारों की ढाणी बिरडावास निवासी रमेश वैष्णव को अवैध डोडा पोस्त के साथ पकड़ा। उसके पास से 880 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ एनीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाया गया।

किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

जोधपुर, (कासं) । आर्मी एरिया शिकारगढ़ में रहने वाले आर्मी हवलदार की किशोरी पुत्री ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। इस बारे में एयरपोर्ट थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने शव को कार्रवाई परिजन के सुपुर्द किया। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि मूलत: उत्तरप्रदेश के बिछवा मैनपुरी हाल आर्मी हवलदार एएससी में कार्यरत भूरेसिंह कश्यप की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

मकर संक्रांति का पर्व उल्लास के साथ मनाया, दान-पुण्य किए

जोधपुर, (कासं) । सूर्य उपासना और दान-पुण्य के साथ ही सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का पर्व मकर संक्रांति मंगलवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सूर्य ने आज सुबह मकर राशि में प्रवेश किया। संक्रान्ति के पुण्य काल पर स्नान, दान-पुण्य भी किए गए।

सुबह से दान-पुण्य का क्रम शुरू हो गया जो दिनभर चला। इसके साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो गया। अब शादी सहित सभी मंगल कार्य शुरू हो गए है।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आज सुबह से ही मंदिरों के बाहर और अन्य स्थानों पर दान पुण्य किया गया। लोगों ने पवित्र सरोवरों में स्नान भी किया। प्राचीन जलाशयों में भक्तों ने डुबकियां लगाई। घरों में तिल से बने व्यंजन, दाल के पकौड़े आदि बनाए गए। बहन-बेटियों के यहां तिल से बने व्यंजन व अन्य उपहार भेजे गए। वहीं सूर्यदेव के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही मळमास समाप्त हो गया है।

संभागीय आयुक्त व जिला कलैक्टर ने उड़ाई पतंग

मकर संक्रांति के मौके पर नगर निगम दक्षिण की तरफ से गांधी मैदान में पतंग महोत्सव और लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्षद, निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल व महापौर वनिता सेठ ने भी पतंग उड़ाई।

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने सधे हुए हाथों से पलक झपकते ही पतंग को आसमान दिखा दिया। वहीं संभागीय आयुक्त सिंह ने महापौर वनिता सेठ की सहायता से पतंग उड़ाई। इस मौके पर पूर्व महापौर घनश्याम ओझा ने भी इस आयोजन को सराहा। इस दौरान पतंगबाजी के शौकीनों के लिए नगर निगम की तरफ से पतंग, डोर और मांझा निशुल्क उपलब्ध करवाया गया। महापौर ने बताया कि निगम के अधिकारी व कर्मचारी चाहते थे कि शहरवासियों के लिए कुछ किया जाए, इसलिए यह आयोजन किया गया। संभागीय आयुक्त ने कहा कि यह दिन दान पुण्यों के लिए शुभ है। धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है कि आज के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। आज के दिन नगर निगम ने अच्छी पहल करते हुए आयोजन किया है। इसे आगे बढाना जाना चाहिए।

शुभ कार्य अब आरंभ होंगे

मलमास समाप्त होने पर एक माह से रूके हुए गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, विवाह आदि शुभ कार्य के लिए भी मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस वर्ष जनवरी से दिसंबर तक कुल कुल 52 दिन शादियों के सावे (मुहूर्त) रहेंगे।

आर्य समाज ने यज्ञ किया

शास्त्री नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर यज्ञ किया गया।

शास्त्री नगर आर्य समाज के प्रधान जुगराज बालोत ने बताया कि मंगलवार को मकर संक्रांति पर यज्ञ व वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा रामदयाल आर्य और यजमान मीना टाक व सुधांशु टाक रहे। इस दौरान अग्निहोत्र में समिधा दान करके विश्व कल्याण की कामना की गई।

'बेटी एक मुस्कान' ने कपड़ों का वितरण किया

बेटी एक मुस्कान नई सोच संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा भंडारी व उनकी टीम ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया। झुग्गी झोपडिय़ों में रह रहे जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं व दिव्यांग बच्चों के लिए सौ कम्बल,ऊनी वस्त्र, स्वेटर, शॉल, मोझे, गर्म टोपी, बिछाने वाली दरिया, मंदिर के आसन, स्टॉल, बिस्किट्स, तिल के लड्डू, गजक, तिल पपड़ी, अमरूद, चॉकलेट्स आदि वितरित किए।

शांति एवं आरोग्य यज्ञ किया

. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशन में विश्व विद्यालय परिसर स्थित कुलपति निवास पर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शांति एवं आरोग्य यज्ञ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों की मंगलकामना एवं विश्व कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ आर्य समाज के सेवाराम जांगिड़ एवं उनकी टीम द्वारा मंत्रोच्चार सहित विधि विधान से करवाया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव अखिलेश कुमार पीपल , वित्त नियंत्रक मंगलाराम विश्नोई ,प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व कुलसचिव एवं विभागाध्यक्ष रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ला,पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथिक, योग एवं नैचुरोपैथिक महाविद्यालय के सभी शैक्षिणक संकाय सदस्य और अशैक्षिणक सदस्य तथा प्रशासनिक भवन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों पर कार्यशाला हुई

बालोतरा, (निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत रिफाइनरी क्षेत्र के टाटा पावर लिमिटेड एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सडक सुरक्षा माह मनाया गया।

जिला परिवहन अधिकारी मीनाक्षी कैथरीन ने बताया कि परिवहन निरीक्षक राजेंद्र मारू द्वारा रिफाइनरी टाटा पावर में कार्यरत वाहन चालकों एवं मजदूरों को सडक सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा के अंतर्गत वाहनों पर नियमानुसार रिप्लेकटर लगाना सुनिश्चित करें। वाहनों को आवरलोड संचालित नहीं करें। वाहनो को तेज स्पीड में संचालित करने से परहेज करें। वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे तथा मोबाइल का उपयोग नहीं करे। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही संचालित करने की बात कही तथा यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। रिफाइनरी क्षेत्र-एल एण्ड टी इंजीनियरिंग एच.आर.आर.एल. पचपदरा में सडक सुरक्षा माह कार्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र में महत्वपूर्ण सडक सुरक्षा का कौशल सिखाया। राष्टीय सडक सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत रिफाइनरी क्षेत्र के रिफाइनरी क्षेत्र-एल एण्ड टी इंजीनियरिंग एच.आर.आर.एल. पचपदरा एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सडक सुरक्षा माह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी मीनाक्षी कैथरीन ने बताया कि परिवहन विभाग से राजेंद्र मारू तथा सुनिल इनकिया परिवहन निरीक्षक द्वारा रिफाइनरी क्षेत्र-एल एण्ड टी इंजीनियरिंग एच.आर.आर.एल. पचपदरा में कार्यरत वाहन चालकों एवं स्टॉफ को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रशिक्षण सत्र में महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा का कौशल व गुर सिखाये। साथ ही प्रशिक्षण के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र के दौरान राजेन्द्र मारू परिवहन निरक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना और जिम्मेदार ड्राईविंग आदतों को बढावा देना है। सुनिल इनकिया परिवहन निरीक्षक द्वारा वाहन चालकों को वाहनों पर नियमानुसार रिप्लेकटर लगाना, वाहनों को आवरलोड संचालित तथा तेज स्पीड में वाहन को नही चलना। वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे तथा मोबाइल का उपयोग नहीं करने के बारे में बताया गया। दुपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनकर ही संचालित करने की बात की तथा यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। प्रशिक्षण में गुटसिमेरेट व सिक्स ई के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर रिफाइनरी क्षेत्र-एल एण्ड टी इंजीनियरिंग एच.आर.आर.एल. पचपदरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

जे.डी.ए. में विधि शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने विधि शाखा की बैठक में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों, अनुपालना के प्रकरणों एवं शाखा के कार्यों की समीक्षा की।

जोधपुर, (नि.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा मंगलवार को विधि शाखा की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में सचिव भागीरथ विश्नोई, निदेशक विधि जगदीश प्रसाद, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक आयोजना महेन्द्र चौधरी, उपायुक्त जयपाल सिंह राठौड़, अदिति पुरोहित, उपविधि परामर्शी सुरेन्द्रसिंह राठौड़, संबंधित तहसीलदारगण, अभियन्तागण, जेएलओ शिवानी पुरोहित सहित प्रभारी अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में जेडीसी उत्साह चौधरी द्वारा विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों, अनुपालना के प्रकरणों एवं शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई। जेडीसी चौधरी द्वारा न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने तथा प्रभारी अधिकारीगण को माननीय न्यायालयों द्वारा निर्णित मुकदमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

आयुक्त द्वारा बकाया प्रकरणों में समय पर प्राधिकरण अधिवक्ता के माध्यम से निगरानी प्राप्त करते हुए समयबद्ध तरीके से जवाब व जवाब उल जवाब माननीय न्यायालयों में प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए।

साइकिलें मिलने पर बालिकाओं के चेहरे खिले

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार की लाभकारी योजना के तहत सुपार्श्वनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन में सत्र 2024-25 की कक्षा 9 की पात्र 61 बालिकाओं को चन्द्रवीर सिंह परमार सरपंच के मुख्य आतिथ्य एवम रूपा राम सोलंकी उप तहसीलदार रामसीन की अध्यक्षता में नि:शुल्क साईकिल वितरण किया गया ।

प्रधानाचार्य जबर सिंह देवडा ने बताया कि राज्य सरकार की लाभकारी योजना के तहत सुपार्श्वनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन में सत्र 2024-25 में कक्षा 9 की पात्र 61 बालिकाओं को चन्द्रवीर सिंह परमार सरपंच के मुख्य आतिथ्य एवं उप तहसीलदार रूपा राम सोलंकी एवम विशिष्ट अतिथि मगन लाल नामा के आतिथ्य में नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि परमार ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की तारीफ की एवम अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सुपार्श्वनाथ विद्यालय से जोड़ने का आव्हान किया।

अध्यक्षीय उदबोधन में सोलंकी ने बालिकाओं से नियमित अध्ययन कर अच्छे अंक प्राप्त करने को कहा एवं सरकारी विधालय में किये जा रहे कार्यो एवं अध्धयन की तारीफ की ।

संस्था प्रधान देवडा ने राज्य सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। आज के कार्यक्रम में बालिकाएं साईकिल पाकर अत्यंत प्रसन्न हुई ।

इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार, गणपत सिंह , जोगा राम, हरीश चंद्र, चन्द्र प्रकाश, लक्ष्मण कुमार रमेश कुमार, गेरा राम,चंदा राम ,आदा राम सावल सिंह, शेतान सिंह,भीमा राम रमेश कुमार भील, राम सिंह, हिमा राम, सपना, जगदीश प्रसाद , आशा राम, केशा राम, हंजा देवी, देवी कुमारी, धीरू देवी , सीता देवी, सहित काफी संख्या में अभिभावक एवं समस्त विधालय स्टॉफ उपस्तिथ थे। मंच संचालन डूंगर सिंह मांडोली ने किया।

चिकित्सा कार्यों व बेहतर प्रबधंन पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। चिकित्सा विभाग एवं डब्ल्यूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में एक निजी रिसोर्ट में मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यशाला में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने चिकित्सा संस्थानों में बेहतर प्रबधंन, स्वच्छता, दवाईयां, जांच एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता रखते हुए जिले के प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों को नेशनल क्वालिटि एश्योरेंस स्टैंडर्स के तहत प्रमाणित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. रमाशंकर भारती ने जिले में बेहतर प्रबधंन एवं नेशनल क्वालिटि ऐश्यारेंस स्टैंडर्स के तहत पूर्व में प्रमाणित हुई चिकित्सा संस्थान के बारे में जानकारी दी। जिला कार्यक्रम प्रबधंक चरण सिंह ने बताया कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड कार्यक्रम के तहत चिकित्सा संस्थान साफ-सफाई व उपकरणों के रखरखाव का बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। उन्होंने क्वालिटी एश्योरेंस से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से रूबरू करवाते हुए सभी चिकित्सा संस्थान को साफ-सुथरा रखने, स्वच्छ व बेहतर बनाने पर बल दिया। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. पंकज सुथार ने वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलेंस के बारे में जानकारी देते हुए टीकाकरण से रोकथाम की जाने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में डॉ. अनीता चौहान ने नियमित टीकाकरण की महत्वता पर जोर देते हुए एमआर, डिप्थीरिया आदि टीकाकरण के बारे में जानकारी दी । साथ ही उन्होने टीकाकरण सत्रांक के आयोजन से पूर्व संबधित क्षेत्रों में प्रचार प्रसार, समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता एवं टीकाकरण सत्र के पश्चात् लाभार्थी के नियमित फॉलोअप के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम विश्नोई, जिला अस्पताल उप नियंत्रक डॉ. कमलेश मीणा, समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

काजरी शोध कार्यों एवं उपलब्धियों पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं) । भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उपमहानिदेशक डा. एस.के. चौधरी ने काजरी के शोध कार्यो का अवलोकन किया एवं वैज्ञानिकों के साथ बैठक की।

डॉ. चौधरी ने कहा कि काजरी शुष्क क्षेत्रों में कृषि के विकास के लिए समग्र शोध कार्यों का अनूठा संस्थान है । शोध उपलब्धियों नवीन किस्मों के बीजों विभिन्न कृषि पद्धितयों पशुपालन प्रबंधन प्राकृतिक संसाधनों को प्रबन्धन एग्रो वाल्किटक पद्धित बहुवर्षिय घासों वर्षा जल प्रबंधन कृषि तकनीकियों का हस्तांतरण आदि से मरूस्थल में हरियाली विस्तारित हुई कृषि उत्पादन बढा जिससे किसानों की आमदनी बढ़ी। उन्होंने काजरी के बेर की विभिन्न किस्मों का जायका भी लिया और सराहा । उन्होंनें संस्थान द्वारा किये जा रहे शोध कार्यो तकनीकी हस्तांतरण किसानों को प्रचुर मात्रा में बीज उपलब्ध विभिन्न फलों के पौधें आदि उपलब्ध करवाने के कार्यो को क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर बताया। उन्होंने संस्थान में पौधों का प्रसारण एवं ट्रेनिंग हाल स्माल रोमिनेन्ट अनुसंधान इकाई इन्डोर खेल हॉल ओवरहेड वाटर टैंक काजरी कोलोनी उद्यान का उद्घाटन किया । उन्होंनें सुझाव दिया कि वर्षा जल प्रबंधन को बढावा दिया जाय । जलवायु परिवर्तन हो रहा है जलवायु अनुकूलन किस्मों के उपयोग को बढावा दें । राजस्थान में कृषि पशु आधारित है। भेड़ बकरी गाय के लिए चारे के उचित प्रबन्धन एवं पोषण पर शोध हो। समग्रता के साथ काम करें। उन्होंने काजरी निदेशक डा. ओ.पी. यादव एवं वैज्ञानिकों को संस्थान में किये जा रहे शोध कार्यो एवं उपलब्धियों के लिए बधाई दी। शुष्क क्षेत्रों में कृषि विकास में काजरी का शोध बहुत लाभदायक है।

आईसीएआर के उपमहानिदेशक डा. एस.के. चौधरी का काजरी निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने साफा पहनाकर एवं शॉल ओढाकर स्वागत किया। मुख्य प्रशासकीय अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड) सुरेश कुमार एवं वित्त नियंत्रक सुनिता आर्य ने भी पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।विभागाध्यक्ष डा. पी. सान्तरा डॉ. एसपीएस तंवर, डा. धीरज सिंह, डा. सुमन्त व्यास, डा. पीसी महाराणा, डा. एच.आर. महला सुरेन्द्र पुनिया, डा. महेश कुमार, डा. दीपेश माचीवाल, डा. आर.एन. कुमावत ने भी विचार रखे।

नवजात का शव श्वानों ने नोंचा

जोधपुर, (कासं) । बोरानाडा क्षेत्र में खेत में किसी नवजात को मृत्यु उपरांत गाड़ दिया गया। खेत में विचरण करने वाले श्वानों ने गड्ढा खोदकर नवजात के शव को बाहर निकाला और नोंच दिया। पता लगने पर पास के खेत में काम कर रहे लोग वहां पहुंचे।

नवजात का शव 9 से 12 माह का प्रतीत हुआ है। बोरानाडा पुलिस ने इस बारे में अब जांच आरंभ की है।

मंदिरों में श्रद्धालु उमड़े

पाली, (नि.सं.)। मकर संक्रांति के अवसर पर शहर में लोगों ने कई जगह दान पुण्य किया। इस अवसर पर मंदिरों में जाकर भगवान को गुड़ की बनी गजक, लड्डू, तिलपट्टी, गाजर आदि चढ़कर दान किया।

पाली शहर के सोमनाथ मंदिर, गीता भवन, गोपीनाथजी मंदिर रघुनाथजी मंदिर, रंगजी मंदिर में भीड़ रही। गरीबों को तिल के लड्डू कपड़े वितरित किए। इसी क्रम में शहर के राणा प्रताप चौक स्थित रोटी बैंक परिसर में भामाशाहों ने जरूरतमंदों को दाल का शीरा व दाल के पकोड़े वितरित किए। दोपहर करीब 12: बजे से 5 बजे तक बच्चों, महिलाओं व पुरुषों को सामग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम के सहयोग में भामाशाह आनंद कवाड़, रोशन सेमलानी, लखपत भंडारी, श्रीमती शोभा कटारिया, गंगाराम डानी, अशोक मंगतानी, प्रमोद कोठारी, महावीर बोकडिया का सहयोग रहा।

अखंड पाठ का आयोजन किया

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के सूरजपोल स्थित गुरु नानक गुरुद्वार में लोहड़ी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

गुरुद्वारे के बाहर सोमवार शाम को सूखी लकड़ियों और घास फूस से लोहड़ी तैयार की। पूरी गली को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया। रात को कीर्तन दरबार का आयोजन किया। नव विवाहित जोड़ों ने लोहड़ी पर पहुंचकर खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। सिख संगत परिवार के साथ बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। साथ ही समूह साध संगत ने लोहड़ी में तिल- मक्की के फुलिए और मूंगफली की आहुतियां दी। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों की धूम देखने को मिली। लोहड़ी प्रज्वलित होने के बाद नवजात शिशुओं को लोहड़ी की परिक्रमा करवाई गई। मंगलवार को गुरुद्वारे में अखंड पाठ की समाप्ति हुई।

पाली में पुलिस कर्मियों ने लोहड़ी का पर्व मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

पुलिसकर्मियों ने एस.पी. ऑफिस में मनाया लोहड़ी पर्व

शाम के समय सिख समुदाय के बड़े पर्व के रूप में मनाए जाने वाले लोहड़ी को लेकर पुलिस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सिख समुदाय के लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आगाज एसीपी चूनाराम जाट ने लोहड़ी प्रज्वलित कर किया। इसके बाद पुलिस महकमे के अधिकारियों व स्टॉफ ने एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां दी।

कार्यक्रम में पुलिस कर्मी पंजाबी गीतों पर थिरके। इस दौरान एसपी चूनाराम जाट, एएसपी विपिन शर्मा, सीआ सिटी देरावर सिंह सोढा, सीओ ग्रामीण रतन देवासी, सीओ सुमेरपुर जितेंद्र सिंह राठौड़, सदर थाना प्रभारी अनिल विश्नोई, औद्योगिक थाना प्रभारी पाना चौधरी सहित पुलिसकर्मी व लोग मौजूद रहे।

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

क्रमांक:नपजा/राजस्व/आपत्ति विज्ञप्ति/2025/5679 दिनांक : 14/01/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्री कला राम पुत्र मगनारामजी एवं श्रीमती संतूदेवी पत्नी मीठाराम जाति कलबी, निवासी - मांडवला जिला -जालोर ने एक भुखण्ड/मकान के नांमातरण प्रमाणपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भूखण्ड जालोर की आवासीय आबादी भूमि जालोर " ए " जालोर से बि